**07-09-2021**

## अंतर्राष्ट्रीय कृषि विकास कोष

**प्रश्न : निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. यह एक अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थान और संयुक्त राष्ट्र की एक विशिष्ट एजेंसी है, जो विकासशील देशों के ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी उन्मूलन के क्षेत्र में काम कर रही है।
2. इसने अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (IUCN) के वर्ल्ड कंजर्वेशन कॉन्फ्रेंस (WCC) से पूर्व यह जैव विविधता की रक्षा के लिए अधिक निवेश का आह्वान किया है।
3. IUCN द्वारा प्रत्येक चार वर्ष के अंतराल पर वर्ल्ड कंजर्वेशन कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जाता है।

**उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**

(A) 01 और 02　　(B) 02 और 03

(C) 01 और 03　　(D) उपरोक्त सभी

**उत्तर :- (D) उपरोक्त सभी**

**भूमिका** :- हाल ही में कृषि विकास के लिये अंतर्राष्ट्रीय कोष (IFAD) ने वर्ष 2030 तक अपने जलवायु वित्त का 30 प्रतिशत ग्रामीण लघु-स्तरीय कृषि में प्रकृति-आधारित समाधानों के समर्थन पर केन्द्रित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है।

**परीक्षा उपयोगी बिन्दु :-**

- यह एक अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थान और संयुक्त राष्ट्र की एक विशिष्ट एजेंसी है, जो विकासशील देशों के ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी उन्मूलन के क्षेत्र में काम कर रही है।
- यह हाशिए पर जीवन व्यतीत कर रहे लोगों और कमजोर समूहों जैसे कि छोटी जात वाले (किसान, वनवासी, पशुचारक, मछुआरे) को आपदा की तैयारी, मौसम की जानकारी तक पहुँच, सामाजिक शिक्षा आदि प्रदान करने का कार्य करता है।
- इसने अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (IUCN) के वर्ल्ड कंजर्वेशन कॉन्फ्रेंस WCC से पूर्व यह जैव विविधता की रक्षा के लिए अधिक निवेश का आह्वान किया।
- IUCN द्वारा प्रत्येक चार वर्ष के अंतराल पर वर्ल्ड कंजर्वेशन कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जाता है।
- कॉन्फ्रेंस से IUCN के विभिन्न सदस्य एक साथ आते हैं, सिफारिशों पर मतदान करते हैं, और वैश्विक संरक्षण प्रयासों के लिए एजेंडा निर्धारित करते हैं।
- वर्ष 1974 के वर्ल्ड फूड कॉन्फ्रेंस के परिणामस्वरूप वर्ष 1977 में इसका गठन किया गया था।

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS

- इसका मुख्यालय रोम इटली में है इसके 177 सदस्य देश हैं, और भारत भी इसका सदस्य देश है।
- इसका उद्देश्य गरीब लोगों की उत्पादन क्षमता में वृद्धि करना, बाजार की भागीदारी के माध्यम से उनके लाभ में वृद्धि करना और उनकी आर्थिक गतिविधियों की पर्यावरणीय स्थिरता और जलवायु अनुकूलता को मजबूती प्रदान करना।
- यह संगठन प्रतिवर्ष रूरल डेवलमपेंट रिपोर्ट प्रस्तुत करता है।

## INSPIRE पुरस्कार MANAK

**प्रश्न : निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. INSPIRE पुरस्कार के 8 वें NLEPC का पुरस्कार समारोह : MANAK 8 सितंबर 2021 को वर्चुअल मोड में आयोजित किया जाएगा, जहाँ देश के रचनात्मक बच्चों को विज्ञान, प्रौद्योगिकी और पृथ्वी विज्ञान पुरस्कार प्रदान करेंगे।
2. इस योजना का उद्देश्य 10-15 वर्ष की आयु वर्ग के छात्रों और कक्षा 6 से 10 तक के छात्रों को भविष्य के नवप्रवर्तक बनने के लिए प्रेरित करना है।
3. ऑनलाइन कार्यक्रम में 1000 से अधिक छात्रों ने भाग लिया जो 5 दिनों तक चलेगा।

**उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**

(A) 01 और 02 (B) 02 और 03

(C) 01 और 03 (D) उपरोक्त सभी

**उत्तर :- (D) उपरोक्त सभी**

**भूमिका** :- विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने INSPIRE पुरस्कार MANAK के लिए 8 वीं राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनी और परियोजना प्रतियोगिता (NLEPC) का आयोजन किया है। इसने देश के विभिन्न राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों का प्रतिनिधित्व करने वाले 561 छात्रों के नवीन विचारों को प्रदर्शित किया।

**परीक्षा उपयोगी बिन्दु :-**

- NLEPC का आठवां संस्करण वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान INSPIRE पुरस्कार MANAK कार्यक्रम के तहत चुने गए छात्रों से मेल खाता है, और कोविड-19 के कारण इसे पिछले साल स्थगित कर दिया गया था।
- ऑनलाइन कार्यक्रम में 100 से अधिक छात्रों ने भाग लिया जो 5 दिनों तक चलेगा।
- INSPIRE पुरस्कार के 8 वें NLEPC का पुरस्कार समारोह - MANAK 8 सितंबर 2021 को वर्चुअल मोड में आयोजित किया जाएगा। और देश के रचनात्मक बच्चों को विज्ञान प्रौद्योगिकी और पृथ्वी विज्ञान पुरस्कार प्रदान करेंगे।

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS

- इस योजना का उद्देश्य 10-15 वर्ष की आयु वर्ग की छात्रों और कक्षा 6 से 10 तक छात्रों को भविष्य के नवप्रवर्तक बनने के लिए प्रेरित करना है।
- इसका मानना है, कि एक बार छात्रों द्वारा विज्ञान और प्रौद्योगिकी में निहित मूल विचारों और नवाचारों को विकसित करने के बाद यह स्कूली बच्चों में रचनात्मकता और नवीन सोच की संस्कृति को प्रोत्साहित करेगा।

## कार्बी आंगलोंग समझौता

**प्रश्न : निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. केन्द्रीय गृह मामलों में गृह मंत्री की उपस्थिति में नई दिल्ली में असम की क्षेत्रीय अखंडता सुनिश्चित करने वाले दशकों पुराने संकट को समाप्त करने के लिए एक ऐतिहासिक ' कार्बी आंगलोंग समझौते ' पर हस्ताक्षर किए गए।
2. यह समझौता ज्ञापन कार्बी आंगलौंग स्वायत्त परिषद (KAAC) को स्वायत्तता का अधिक से अधिक हस्तांतरण, कर्बी लोगों की पहचान भाषा, संस्कृति आदि की सुरक्षा और असम क्षेत्रीय और प्रशासनिक अखंडता को प्रभावित किए बिना परिषद के केंद्रित विकास को सुनिश्चित करेगा।
3. कार्बी सशस्त्र समूह हिंसा को त्यागने और देश के संविधान द्वारा निर्धारित शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक प्रक्रिया में शामिल होने पर सहमत हुए है।

**उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**

(A) 01 और 02 (B) 02 और 03
(C) 01 और 03 (D) उपरोक्त सभी

**उत्तर :- (D) उपरोक्त सभी**

**भूमिका** :- केन्द्र ने तीन साल के कार्बी आंगलोंग (KARBI-ANGLONG) समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, और विकास के लिए धन की घोषणा की है।

**परीक्षा उपयोगी बिन्दु :-**

- कार्बी सशस्त्र समूह हिंसा को त्यागने और देश के संविधान द्वारा निर्धारित शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक प्रक्रिया में शामिल होने पर सहमत हुए हैं।
- केन्द्रीय गृह मामलों के गृह मंत्री की उपस्थिति में नई दिल्ली में असम की क्षेत्रीय अखंडता सुनिश्चित करने वाले दशकों पुराने संकट को समाप्त करने के लिए एक ऐतिहासिक 'कार्बी आंगलोंग समझौते' पर हस्ताक्षर किए गए।

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS

- यह समझौता ज्ञापन कार्बी आंगलोंग स्वायत्त परिषद (KAAC) को स्वायत्तता का अधिक से अधिक हस्तांतरण, कार्बी लोगों की पहचान, भाषा संस्कृति आदि की सुरक्षा और असम की क्षेत्रीय और प्रशासनिक अखंडता को प्रभावित किए बिना परिषद क्षेत्र के केन्द्रित विकास को सुनिश्चत करेगा।
- 25 फरवरी को असम के गुवाहटी में एक कार्यक्रम के दौरान पांच आतंकवादी समूहों के 1040 आतंकवादियों ने अपने हथियारों के साथ आत्मसमर्पण कर दिया।
- 5 समूह कार्बी लोंगरी एनसी हिल्स लिबरेशन फ्रंट (KLNLF), पीपुल्स डेमोक्रेटिक काउंसिल ऑफ कार्बी लोंगरी (PDCK), कुकी लिबरेशन फ्रंट, यूनाइटेड पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (UPLA) और कार्बी पीपुलस लिबरेशन टाइगर (KPLT) हैं।

□□□□□

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS